आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 सोमवार 11.09.2024

मुख्य समाचारः—

1— रायपुर दक्षिण उपचुनाव के लिए आज शाम थम गया प्रचार अभियान—परसों तेरह नवंबर को होगा मतदान।

2— केन्द्र सरकार ने अग्निशमन सेवाओं के विस्तार और आधुनिकीकरण" के लिए छत्तीसगढ़ सहित तीन राज्यों के लिए लगभग सात सौ छब्बीस करोड़ रुपये की तीन परियोजनाओं को दी मंजूरी।

3— रायपुर में चल रहा भारतीय सड़क कांग्रेस का अधिवेशन संपन्न हुआ—छत्तीसगढ़ में आवारा पशुओं की वजह से होने वाली सड़क दुर्घटनाओं को रोकने जारी किए जाएंगे दिशा—निर्देश।

4— हाईकोर्ट के वरिष्ठ न्यायाधीश संजय के. अग्रवाल को छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण का कार्यपालक अध्यक्ष नियुक्त किया गया।

रायपुर दक्षिण—उपचुनाव

रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के लिए हो रहे उपचुनाव के लिए चुनाव प्रचार आज शाम पांच बजे थम गया। इसके बाद प्रत्याशी और उनके समर्थक घर—घर जाकर जनसंपर्क करेंगे। प्रचार के अंतिम दिन आज मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भाजपा प्रत्याशी सुनील सोनी के पक्ष में रोड शो किया। इस रोड शो में भाजपा के महिला मोर्चा और युवा मोर्चा के कार्यकर्ता भी शामिल हुए। वहीं, कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने भी कांग्रेस प्रत्याशी आकाश शर्मा के पक्ष में विभिन्न स्थानों पर जनसभाएं ली।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी उमाशंकर बंदे ने आकाशवाणी समाचार से बात करते हुए बताया कि इस उपचुनाव के लिए कुल दो सौ छियासठ निर्वाचन केन्द्र बनाए गए हैं। उसके लिए मतदान दलों को कल सुबह सात बजे रवाना किया जाएगा। मतदान सामग्री का वितरण रायपुर में सेजबहार स्थित इंजीनियरिंग महाविद्यालय से किया जाएगा।

रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के लिए उपचुनाव लड़ने वाले विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों को मतदान से एक दिन पहले विज्ञापनों का प्रमाणन, मीडिया प्रमाणन तथा निगरानी समिति से कराना होगा।

रायपुर दक्षिण विधानसभा उप—चुनाव के लिए तेरह नवंबर को मतदान के दिन इस विधानसभा क्षेत्र के मतदाता अधिकारियों—कर्मचारियों के लिए अवकाश की घोषणा की गई है।

इस बीच, रायपुर पुलिस ने पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के भाटागांव में जांच के दौरान एक कार से करीब सत्ताईस लाख रूपये नगद जब्त किए है।

अग्निशमन सेवा—छत्तीसगढ़ राशि

केन्द्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय समिति ने "राज्यों में अग्निशमन सेवाओं के विस्तार और आधुनिकीकरण" योजना के तहत छत्तीसगढ़, ओडिशा और पश्चिम बंगाल के लिए लगभग सात सौ छब्बीस करोड़ रुपये की तीन परियोजनाओं को मंजूरी दी है। समिति ने छत्तीसगढ़ के लिए एक सौ सैंतालीस करोड़ छिहत्तर लाख रुपये मंजूर किए हैं।

गौरतलब है कि केंद्र सरकार ने "राज्यों में अग्निशमन सेवाओं के विस्तार और आधुनिकीकरण" योजना के लिए एनडीआरएफ के तहत पांच हजार करोड़ रुपये आवंटित किए

हैं। इसके तहत पन्द्रह राज्यों के लिए दो हजार पांच सौ बयालीस करोड़ रुपये से अधिक के प्रस्तावों को पहले ही मंजूरी दी जा चुकी है।

भारतीय सड़क कांग्रेस–समापन

भारतीय सड़क कांग्रेस का तिरासीवें वार्षिक अधिवेशन आज संपन्न हो गया। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में हुए इस अधिवेशन में अट्ठारह तकनीकी सत्रों का आयोजन किया गया, जिसमें देश और विदेश के विशेषज्ञों और इंजीनियरों ने अपनी प्रस्तुति दी।

भारतीय सड़क कांग्रेस के वार्षिक अधिवेशन के अंतिम दिन आज काउंसिल मीटिंग आयोजित की गई। इस अधिवेशन में कुल चौदह डॉक्यूमेंट स्वीकृत किए गए, जिनमें से सात सड़कों से संबंधित है। वहीं, अन्य सात पुलों से संबंधित है। भारतीय सड़क कांग्रेस के महासचिव संजय कुमार निर्मल ने बताया कि अधिवेशन में जनसुविधाओं से संबंधित एक डॉक्यूमेंट भी स्वीकृत किया गया है।

चार दिनों तक चले इस वार्षिक अधिवेशन में सड़कों की गुणवत्ता पर एक पैनल डिसक्शन भी हुआ। इस पैनल डिसक्शन में आए विचारों और सुझावों के आधार पर भारतीय सड़क कांग्रेस एक रिपोर्ट तैयार कर भारत सरकार को भेजेगी।

भारतीय सड़क कांग्रेस के निवर्तमान अध्यक्ष और छत्तीसगढ़ सरकार के लोक निर्माण विभाग में इंजीनियर इन चीफ कमलेश कुमार पिपरी ने बताया कि छत्तीसगढ़ में आवारा पशुओं की वजह से होने वाली सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए भारतीय सड़क कांग्रेस अगले तीन महीनों में दिशा–निर्देश जारी करेगा।

अधिवेशन के दौरान सेंट्रल रोड रिसर्च इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर प्रोफेसर मनोरंजन परिदा को भारतीय सड़क कांग्रेस का नया अध्यक्ष चुना गया। वहीं, राहुल गुप्ता नये महासचिव होंगे।

भारतीय सड़क कांग्रेस का चौरासीवां वार्षिक अधिवेशन अगले वर्ष गुवाहाटी असम में आयोजित किया जाएगा।

संजीव खन्ना–मुख्य न्यायाधीश

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना ने आज भारत के इंक्यावनवें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में एक समारोह में उन्हें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ दिलाई। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना ने न्यायमूर्ति डी.वाई. चंद्रचूड का स्थान लिया है, जो कल सेवानिवृत्त हो गए।

इस समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, कई केंद्रीय मंत्री और सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश सहित अन्य लोग शामिल हुए।

विधिक सेवा प्राधिकरण–अध्यक्ष

राज्य सरकार ने छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के वरिष्ठ न्यायाधीश संजय के अग्रवाल को छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण का कार्यपालक अध्यक्ष नियुक्त किया है। न्यायाधीश संजय के अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में अपने न्यायिक करियर के दौरान कई महत्वपूर्ण और प्रभावशाली फैसले सुनाए हैं।

विंग कमांडर–निधन

सेवानिवृत्त विंग कमांडर एमबी ओझा का कल रायपुर में निधन हो गया। वे नवासी वर्ष के थे। विंग कमांडर एमबी ओझा ने वर्ष उन्नीस सौ बासठ, उन्नीस सौ पैंसठ और उन्नीस सौ इकहत्तर के युद्ध में भाग लिया था। श्री ओझा भारतीय शांति सेना के अन्य मिशनों में भी शामिल रहे। उन्नीस सौ इकहत्तर के युद्ध के बाद जब पाकिस्तानी सेना के नब्बे हजार सैनिकों ने जनरल जगजीत सिंह अरोड़ा के समक्ष हथियार डाले थे, आत्मसमर्पण के उन पलों के विंग कमांडर एमबी ओझा भी साक्षी बने थे।

राज्यपाल रमेन डेका और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सेवानिवृत्त विंग कमांडर एमबी ओझा के निधन पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है।

जनजातीय गौरव दिवस–जशपुर

भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर जशपुर जिले में तेरह नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर आयोजित होने जा रहे पदयात्रा में वालेंटियर्स बनने के लिए आठ सौ से अधिक युवाओं ने 'माई भारत वालंटियर्स' पोर्टल पर पंजीयन करा लिया है। आज शासकीय रामभन राय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में कलेक्टर रोहित व्यास ने माई भारत पोर्टल में पंजीयन के लिए युवाओं को प्रोत्साहित किया। इस पदयात्रा में केंद्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री डॉक्टर मनसुख मांडविया के साथ ही छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी शामिल होंगे।

हाथी/बाघ–मौत

बलरामपुर जिले के मुरका गांव के जंगलों में एक हाथी का शव मिला है। यह घटना वाड्रफनगर के मानिकपुर वन परिक्षेत्र की है। हाथी की मौत का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। वन विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर जांच कर रही है।

इस बीच, गरियाबंद जिले के सीतानदी क्षेत्र में पोटाश बम फटने से हाथी के शावक के घायल होने की खबर है।

उधर, कोरिया जिले में एक बाघ की मौत होने की खबर है। ग्रामीणों ने बीते आठ नवंबर को खनखोपड़ नाले के पास बाघ का शव होने की सूचना वन विभाग को दी, जिसके बाद वन विभाग की टीम ने घटनास्थल के आसपास डेढ़ से दो किलोमीटर के दायरे में तलाशी ली। प्रारंभिक जांच में पाया गया कि बाघ का शव दो–तीन दिन पुराना था। इस मामले की जांच की जा रही है।

सतीश चन्द्र वर्मा–याचिका

राज्य आपराधिक अन्वेषण ब्यूरो–ईओडब्ल्यू में दर्ज एफ.आई.आर के बाद पूर्व महाधिवक्ता सतीश चंद्र वर्मा ने अग्रिम जमानत के लिए रायपुर के विशेष कोर्ट में याचिका लगाई है। इस जमानत याचिका पर तेरह नवंबर को सुनवाई होगी।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित नान घोटाला मामले में दो पूर्व आईएएस अधिकारियों के साथ ही पूर्व महाधिवक्ता के खिलाफ भी मामला दर्ज किया गया है।

संक्षिप्त समाचार

– इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक द्वारा पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग के सहयोग से एक से तीस नवबंर तक राष्ट्रव्यापी डिजिटल जीवन प्रमाण–पत्र अभियान चलाया जा रहा है।

– प्रदेश में समर्थन मूल्य पर चौदह नवंबर से धान खरीदी शुरू होगी। गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही जिले की कलेक्टर लीना कमलेश मंडावी ने जिले के बीस धान खरीदी केंद्रों में ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

– गरियाबंद जिले के कोदो–पाली में धान खरीदी केंद्र खोले जाने की मांग को लेकर पच्चीस से अधिक गांवों के हजारों किसानों ने कलेक्टोरेट में प्रदर्शन किया।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>